3 /51

**1705E374**

Candidate's Seat No :________

**B.A. Sem.-2 (Rep.) Examination**
**CC 112**
**Hindi**
**May-2024**

**Time : 2-30 Hours]** **[Max. Marks : 70**

**सूचना :- दाहिनी ओर लिखे गये अंक प्रश्नों के गुणांक हैं।**

प्रश्न 1 - "भगवतीचरण वर्मा के साहित्य की मूल चेतना वैयक्तिक है या सामाजिक।" कथन पर विचार कीजिए। 14

अथवा

'चित्रलेखा' उपन्यास में वर्णित समस्या पर सविस्तार प्रकाश डालिए।

प्रश्न 2 - 'चित्रलेखा' उपन्यास की वर्तमान प्रासंगिकता पर विचार कीजिए। 14

अथवा

'चित्रलेखा' उपन्यास की तत्वों के आधार पर समीक्षा कीजिए।

प्रश्न 3 - 'चित्रलेखा' उपन्यास की चरित्र-योजना पर प्रकाश डालिए। 14

अथवा

'चित्रलेखा' उपन्यास के पात्र बीजगुप्त का चरित्र-चित्रण कीजिए।

प्रश्न 4 - निम्नलिखित पदों (क और ख) की ससन्दर्भ व्याख्या कीजिए। 14

(क) "स्त्री शक्ति है। वह सृष्टि है, यदि दूसरा संचालित करने वाला व्यक्ति योग्य है। वह विनाश है, यदि संचालित करने वाला व्यक्ति अयोग्य है। इसलिए जो मनुष्य स्त्री से भय खाता है, वह या तो अयोग्य है या कायर है।"

P.T.O

E-374-2

अथवा

"यदि तृप्ति ही संतोष का एकमात्र साधन हो सके, तो वह सुख अवश्य है, पर कर्मजाल में फंसे रहने पर तृप्ति के साथ संतोष नहीं होता | ब्रह्म, माया के सहयोग से स्वयं को भूल जाता है तथा कर्मजाल में भटकने लगता है, पर जिस समय वह माया को छोड़ देता है और अपने को जान लेता है, वह प्राप्त हो जाता है |"

(ख) "जिसे सब समुदाय का उल्लास कहते हैं, वह समुदाय के व्यक्तियों के रुदन का संग्रह है | निर्बल व्यक्तियों की आय है, संगठित होकर समुदाय द्वारा जनित क्रांति का रूप धारण कर सकती है और साथ ही जहाँ समुदाय से हानि की कोई संभावना नहीं होती, वहाँ व्यक्ति का महत्व भाव भयोत्पादक केंद्र बन जाता है |"

अथवा

"वासना पाप है, जीवन को कलुषित बनाने का एकमात्र साधन है | वासना से प्रेरित होकर मनुष्य ईश्वरीय नियमों का उल्लंघन करता है और उसमें डूबकर मनुष्य अपने मन को, अपने रचयिता ब्रह्म को भूल जाता है | इसलिए वासना त्याज्य है, यदि मनुष्य अपनी इच्छाओं को छोड़ सके तो वह ऊपर उठ सकता है |"

प्रश्न 5 - निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं सात के उत्तर सही विकल्प चुनकर दीजिए | 14

(1) मौर्य साम्राज्य की सेना जनपद का सदस्य निम्न में से कौन था ?

(अ) बीजगुप्त (ब) विशालदेव (स) श्वेतांक (द) कुमारगिरि

(2) श्वेतांक के अनुसार पापी कौन है ?

(अ) मृत्युंजय (ब) धन्वंतरि (स) कुमारगिरि (द) विशालदेव

(3) किसने कृष्णादित्य को निकाल दिया ?

(अ) दादा (ब) पिता (स) नाना (द) इनमें से कोई नहीं

(4) अर्धरात्रि के समय किसने केलिगृह में प्रवेश लिया ?

(अ) श्वेतांक (ब) रत्नाम्बर (स) बीजगुप्त (द) इनमें से कोई नहीं

(5) भगवतीचरण वर्मा की साहित्य अकादमी से पुरस्कृत रचना है ?

(अ) भूले बिसरे चित्र (ब) चित्रलेखा (स) टेढ़े मेढ़े रास्ते (द) तीन वर्ष

(6) चित्रलेखा किस नगर की नर्तकी थी ?

(अ) उज्जयिनी (ब) पाटलीपुत्र (स) काशी (द) कन्याकुमारी

(7) चित्रलेखा ने किसके प्रणय को स्वीकार नहीं किया ?

(अ) कुमारगिरि (ब) बीजगुप्त (स) विशालदेव (द) मृत्युंजय

(8) सामंत मृत्युंजय की कन्या कौन थी ?

(अ) चित्रलेखा (ब) यशोधरा (स) कल्याणी (द) इनमें से कोई नहीं

(9) प्रेम का संबंध किससे है ?

(अ) आत्मा से (ब) देह से (स) प्रेमी से (द) संसार से

(10) आर्य मृत्युंजय कहाँ के सामंत थे ?

(अ) पाटलिपुत्र (ब) काशी (स) उज्जयिनी (द) कौशल

(11) भगवतीचरण वर्मा का जन्म कब हुआ ?

(अ) 1900 (ब) 1911 (स) 1907 (द) 1903

(12) बीजगुप्त अपनी सारी संपत्ति किसको दे देता है ?

(अ) कुमारगिरि (ब) श्वेतांक (स) विशालदेव (द) इनमें से कोई नहीं

—x—